नीमच पुलिस का नशे पर प्रहार, अवैध गांजे की खेती के विरूद्ध कार्रवाई

▶ 1 करोड़ 12 लाख रूपयें किमती 11 क्विंटल 25 किलोग्राम गांजे के हरें पौधे जब्त

नीमच। पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा के मार्गदर्शन में अनुभाग मनासा अन्तर्गत पुलिस थानों के पठारी एवं जंगली क्षेत्रों में मादक पदार्थो की अवैध खेती के विरूद्व ड्रोन एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जाकर अवैध मादक पदार्थो की खेती के नष्टीकरण की लगातार कार्यवाही की जा रही है।

नीमच पुलिस द्वारा अनुभाग मनासा अन्तर्गत पठारी एवं जंगली क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थो की खेती के विरूद्व लगातार कार्रवाई की जाकर गांजे की अवैध खेती के नष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही है। विगत् 01 माह में नीमच पुलिस द्वारा पुलिस थाना कुकडेंश्वर एवं रामपुरा क्षेत्रों के जंगली एवं पठारी क्षेत्रों में 05 बड़ी कार्यवाहिया कर निम्नानुसार कार्यवाहियों को अंजाम दिया गया है दिनांक 05.12.2025 को पुलिस थाना कुकडेंश्वर द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना कुकडेंश्वर के पठारी क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थो की खेती की ड्रोन के माध्यम से सर्चिंग के दौरान ग्राम श्योपुरिया चक्की वाला जंगल वाले रास्ते के पास सर्वे क्र 108 की भूमि पर गांजे के अवैध खेत से करीबन 15 हजार हरे गीले पौधे 03 क्विंटल 25 किलो जप्त किये गये।

दिनांक 22.12.2025 को पुलिस थाना कुकडेंश्वर द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना कुकडेंश्वर के पठारी क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थो की खेती की सूचना पर कार्यवाही करते हुए सर्वे क्रमांक 85 आमद-रगसपुरिया (अमरगढ़) रोड़ पश्चिम की ओर कुँए वाले खेत से पॉच सौ मीटर दुरी पर पत्थर की मेड वाले खेत पर दबिश देकर लगभग 10 हजार गांजे के हरे गीले पौधें 3.12 क्विंटल जब्त किये गये।

> दिनांक 25.12.2025 को थाना कुकडेंश्वर द्वारा पुलिस टीम के साथ संर्चिग के दौरान ग्राम शिवपुरिया मंदिर वाले में कच्चा रास्ता से लगे खेत में गेहुं ओर रायड़े की फसल की आड़ में सर्वे क्रं. 89 शिवपुरिया मंदिर वाला जगंल से लगे खेत से लगभग 8 हजार गांजे के हरे गीले पौधे 1.28 क्विंटल जप्त किये गये।
> दिनांक 10.01.2026 को पुलिस थाना रामपुरा द्वारा मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम करनीखेडा मे नाले के किनारे गेहु/तुलसी के खेत मे नाले की तरफ अवैध गांजे के हरे पौधे करीब 5 हजार कुल वजन 03 क्विंटल 20 किलोग्राम विधिवत जप्त किये गये।

> दिनांक 11.01.2026 को पुलिस थाना रामपुरा द्वारा मुखबिर सूचना पर 02 अलग अलग कार्रवाई करते हुए ग्राम डायली के जंगल मे नाले के किनारे गेहु/तुलसी/सरसो के खेतो मे नाले की तरफ अवैध गांजे के हरे पौधे करीब 20 हजार कुल वजन 11 क्विंटल 25 किलोग्राम जप्त किये गयें। उक्त प्रकरणों में गांजे की अवैध खेती के भू-स्वामियों के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

नीमच की शिक्षण संस्थाओं के हजारों विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

▶ विधायक परिहार एवं कलेक्टर की उपस्थिति में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

नीमच। प्रदेश के साथ ही सम्पूर्ण नीमच जिले में भी स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार को सूर्य नमस्कार एंव प्राणायाम का आयोजन किया गया। जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं और महाविद्यालयों में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों गणमान्य नागरिकों सहित हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

नीमच में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच केंट, सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रात:9:30 बजे से आकाशवाणी केंद्र से सीधा प्रसारण किया गया।

राष्ट्रगान, वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंदजी की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण के साथ ही सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार मे विधायक दिलीपसिंह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल सहित विद्यार्थीगण, विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार में अपनी सहभागिता निभाई और योग और प्राणायाम किया। जिला क्रिडा अधिकारी सावित्री मालवीय एवं जिला योग प्रशिक्षक सुश्री शबनम खान के नेतृत्व में अतिथियों और उपस्थित विद्यार्थियों ने सूर्य-नमस्कार, योग एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भोपाल से रेडियों प्रसारण के साथ विधायक परिहार, कलेक्टर, एस.पी. एवं अधिकारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजगांसन कर सूर्य नमस्कार के सात आसानों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एंव भ्रामरी प्राणायाम भी किया। इस अवसर पर एस.डी.एम.संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम.मांगरिया, डी.पी.सी. दिलीप व्यास सहित अन्य जिला अधिकारी एवं निलेश पाटीदार, पार्षदगण एवं शिक्षकगण व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक, विजिबिलिटी रही सिर्फ 10 मीटर, सुबह छाया रहा अंधेरा

▶ कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, सड़कों पर रेंगते दिखे, ठप हुआ जनजीवन

नीमच। नीमच जिले में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर रह गई। जनवरी की शुरुआत से ही कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों को तेज ठिठुरन का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के चलते सड़कों पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। इसके बावजूद दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही। नीमच शहर के साथ-साथ जावद, मनासा, जीरन, सिंगोली एवं रतनगढ़ अंचलों में भी सुबह 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ठंड से बचाव के लिए लोग चौराहों और गलियों में अलाव तापते नजर आए। मौसम के असर से सुबह के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। खेल गतिविधियां भी कोहरे और ठंड के कारण प्रभावित रहीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे से तत्काल राहत की संभावना नहीं है।

स्कूल के सामने कचरा ट्रेचिंग ग्राउंड का ग्रामीणों ने किया विरोध, कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

नीमच। ग्राम पंचायत चीताखेड़ा में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के सामने प्रस्तावित नगर पालिका नीमच के कचरा ट्रेचिंग ग्राउंड को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर सोमवार को ग्राम सरपंच के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर प्रतिनिधि को एक ज्ञापन सौंपते हुए उक्त भूमि को ट्रेचिंग ग्राउंड के लिए निरस्त करने की मांग की।ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम चीताखेड़ा स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के ठीक सामने शासकीय भूमि पर नगर पालिका द्वारा कचरा ट्रेचिंग ग्राउंड बनाए जाने के उद्देश्य से हाल ही में तहसीलदार जीरन द्वारा सीमांकन किया गया है।

इस भूमि के स्कूल के सामने होने से आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा तथा उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में आसपास के 10 से 12 गांवों के लगभग 500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। साथ ही यह विद्यालय बोर्ड परीक्षा का केंद्र भी है, जहां परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्कूल के सामने कचरा ट्रेचिंग ग्राउंड बनाया गया, तो कूड़े-कचरे, बदबू और गंदगी के कारण विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। चयनित भूमि ग्राम आबादी से मात्र 500 से 700 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहेगा। इसके अलावा यह भूमि मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई है, जिससे राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि उक्त मार्ग पर अंबा माता का भव्य मंदिर स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ट्रेचिंग ग्राउंड बनने से धार्मिक भावनाएं भी आहत होंगी। साथ ही यह भूमि पूर्व में पुलिस चौकी के लिए प्रस्तावित रह चुकी है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ट्रेचिंग ग्राउंड का प्रस्ताव निरस्त नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

एक नजर में

स्वामी विवेकानंद जयंती पर नीमच में 'रन फॉर स्वदेशी' का आयोजन

नीमच। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। स्वदेशी जागरण मंच एवं शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को देश में निर्मित उत्पाद अपनाने और स्वावलंबी बनने का संदेश दिया गया।शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने स्वदेशी के समर्थन में दौड़ लगाकर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया।नीमच में यह कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लेकर देशभक्ति और स्वदेशी भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

मकर संक्रांति पर नीमच मित्र मंडल द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन

नीमच। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नीमच मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 'दरिद्र नारायण सेवा - नारायण सेवा' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद एवं दरिद्र महानुभावों को शुद्ध देसी घी से निर्मित स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों का भोजन (प्रसादी) कराया जाएगा। इस पुनीत आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नीमच मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री विमल जैन सरावगी एवं वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेन्द्र सेठी, ओमप्रकाश मंत्री, पारस कोटिफिड़ा, कमल जैन, सीताराम सैनी, कमल गर्ग, रूपाली पं., पंकज पारीक, अशोक जिंदल, महावीर शर्मा, पवन पारीक, विनीत, पाटनी अवंती लाल शर्मा, पंकज गोयल, सीताराम ग्वाला, लालू सैनी, सहित मंडल के समस्त सदस्यों ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर पर भोजन प्रसादी का लाभ लेकर इस सेवा यज्ञ का हिस्सा बनें। नीमच मित्र मंडल का यह आयोजन सामाजिक समरसता, मानव सेवा और भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपम उदाहरण है।

कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में 13 अवकाश घोषित

नीमच। मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास भोपाल द्वारा 13 दिवस का स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अवकाश नियत करने के अधिकार कलेक्टर को प्रत्यायोजित किए जाने से नीमच जिले में संचालित आंगनवाडी केंद्रों में वर्ष 2026 में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा अवकाश घोषित किय गये है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि वर्ष 2026 में आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 मार्च 2026 मंगलवार को होली, 21 मार्च 2026 शनिवार को ईद-उल-फितर, 14 अप्रेल 2026 मंगलवार को डॉ.अम्बेडकर जयंती/वैशाखी, एक मई 2026 शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा, 17 जून 2026 बुधवार को महाराणा प्रताप जयंती/ छत्रसाल जयंती, 28 अगस्त 2026 शुक्रवार को रक्षाबंधन, 4 सितम्बर 2026 शुक्रवार को जन्माष्टमी, 14 सितम्बर 2026 सोमवार को गणेश चतुर्थी, 2 अक्टूबर 2026 शुक्रवार को गांधी जयंती, 20 अक्टूबर 2026 मंगलवार को दशहरा(विजयादशमी), 9 नवम्बर 2026 सोमवार को गोवर्धन पूजा, 24 नवम्बर 2026 मंगलवार को गुरूनानक जयंती एवं 25 दिसम्बर 2026 शुक्रवार को खिस्त जयंती (क्रिसमस) का अवकाश घोषित किया गया है।

विराट सिंधी हास्य कवि सम्मेलन देर रात तक जमा

▶ देश के प्रख्यात सिंधी हास्य कवियों ने हंसा हंसा कर लोटपोट किया

▶ 'पापा जी परी' पुस्तक का हुआ विमोचन एवं शहीद हेमू कालाणी पुस्तक का किया वितरण

नीमच। सिंधी समाज के वरिष्ठ हास्य व्यंगकार, कवि, लेखक एवं साहित्यकार स्वर्गीय श्री अशोक सुंदरानी इन्दोर की पावन स्मृति में सिंधी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत नीमच के तत्वाधान में लाल माटी की धरा नीमच में पहली बार सिंधी भाषा के साहित्य एवं विराट हास्य कवि सम्मेलन * 'खिलंदड़ जो खैरू' * का स्थानीय श्री भाग्येश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित श्री गोविंदराम आलमचंद हाल में गत शनिवार, 10 जनवरी रात्रि को आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथि दिलीपसिंह परिहार (विधायक नीमच), नारायणदास होतवानी (संरक्षक, श्री झूलेलाल बहराणा समिति एवं श्री झूलेलाल मंदिर नीमच), अशोक सन्तवानी (रिटायर्ड सेकंड कमांडेंट सीआरपीएफ नीमच), मनोहर मोटवानी (राजस्व सभापति, नपा. परिषद,नीमच), राजेश लालवानी (पार्षद), राजेश कुमार (निदेशक, सिंधी सहित अकादमी म.प्र. भोपाल) एवं आमंत्रित कवियों के द्वारा भगवान श्री झूलेलालजी तथा शहीद संत शिरोमणि श्री कंवराराम जी की तस्वीर पर पुष्प माल्यार्पण कर, द्वीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ। तदोपरान्त पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारीयों द्वारा आमंत्रित अतिथियों एवं कवियों का पुष्प हार से स्वागत सत्कार किया गया।

इसी तारतम्य में कवि ताराचंद लालवानी द्वारा संपादित 'पापा जी परी' पुस्तक का विमोचन भी किया गया। उपस्थित सभी कवियों का पूज्य सिंधी पंचायत ने ऊनी शाल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सिंधी अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी को चांदी से निर्मित अफीम डोडा का प्रतीक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदानकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुज्य सिंधी पंचायत नीमच के अध्यक्ष 'मुखी' ईश्वर आहूजा, महासचिव महेश वर्धानी, सहसचिव राजेश लालवानी व किशन अंदानी, उपाध्यक्ष राजकुमार मंगनानी व विजय रोहिड़ा, कोषाध्यक्ष पूरण रामचंदानी व गोपाल मूलचंदानी, विधि सलाहकार मोहनलाल केसवानी, प्रवक्ता गजेंद्र चावला, जीतू तलरेजा, सुरेश आहूजा, राजकुमार रामनानी, गोदावरी लालवानी, एडवोकेट माया (मीनू) लालवानी एवं समाज के सभी संस्थाओं के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

बी एल धोनीतिया जिला कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष मनोनीत

नीमच। जिला कर सलाहकार संघ के द्विवार्षिक चुनाव आज संपन्न हुए, जिसमें बी एल धोनीतिया को अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके प्रस्तावक श्री विमल कुमार जैन और समर्थक श्री नवीन जी जैन (हस्तीमल जी जैन कंपनी) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने बी एल धोनीतिया को अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते हुए कहा कि राजस्व वसूली के बिना देश के विकास एवं उन्नति की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इसमें कर सलाहकारों की महत्ती भूमिका होती है। जीएसटी में होने वाले कठिनाईयों को सरकार को और सरल बनाना चाहिए। वहीं व्यापारियों व व्यवसाईयों को ईमानदारी के साथ कर कानूनों का पालन कर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी। आशावादी एवं सकारात्मक सोच से हम जीएसटी को सरल प्रक्रिया में ढाल पाएंगे।

इस अवसर पर जिला कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष बी एल धोनीतिया ने कहा कि मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में संघ के सभी सदस्यों का मुझे भरपूर सहयोग मिलेगा। सभी के सहयोग से व्यापारियों के हित में अनेक कार्य किए जाएंगे। हम अधिकारियों एवं सरकार के मंत्रियों से भी मिलकर कर सलाहकार, सीए एवं व्यापारियों के हित में उनकी समस्या को दूर करने के प्रयास करेंगे।

कंटेनर की टक्कर से पुलिस आरक्षक निखिलेश सिंह की मौत

नीमच। जिले के बोरखेड़ी व रेवली देवली के बीच रविवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस विभाग के आरक्षक निखिलेश सिंह की मौत के मामले में सोमवार को जिला चिकित्सालय नीमच में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ वाहन चालक निखिलेश सिंह पिता नारायण सिंह ठाकुर, उम्र लगभग 46 वर्ष, निवासी महानंदा नगर उज्जैन वर्तमान में डीआरपी लाइन नीमच में पदस्थ थे। रविवार रात करीब 10 बजे वे अपनी स्वीफ्ट कार (एमपी 14 सीबी 3021) से मनासा से नीमच की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बोरखेड़ी व रेवली देवली के बीच सामने से आ रहे एक कंटेनर (एमपी 13 एच 0817) ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी।हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आरक्षक निखिलेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय नीमच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर फैल गई।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, सीएसपी किरण चौहान, डीएसपी निखिलेश सिंह, कैंट थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी जिला चिकित्सालय पहुंचे। सिटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पीएम के लिए सुरक्षित रखवाया गया।

एक नजर ▶ धर्म ग्रंथों के अनुसार 15 जनवरी को स्नान और दान पुण्य करें लोग

दो दिन मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

नीमच। 14 जनवरी को मनाए जाने वाला मकर संक्राति का पर्व इस बार दो दिन मनाया जाएगा। हालांकि ज्योतिषाचार्य के अनुसार 15 जनवरी को संक्रांति का पुण्य काल होगा। इसलिए लोग इसी दिन नहान दान पुण्य कर पर्व को मनाए। पंडित मुकेश उपाध्याय ने बताया कि पंचांग की गणना के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर मकर संक्रांति होगी। 14 जनवरी को दोपहर 3 :05 पर सूर्य का धनु राशि को छोडक़र के मकर राशि में प्रवेश होगा। मकर राशि में सूर्य की प्रवेश काल को ही संक्रांति माना जाता है।

14 जनवरी की दोपहर 3:05 पर सूर्य का धनु राशि को छोडक़र मकर राशि में प्रवेश होगा अर्थात दोपहर 3:05 पर सूर्य की मकर संक्रांति पर्व की शुरुआत हो जाएगी। किंतु दान पुण्य की दृष्टि से इसका प्रभाव 15 को दृष्टिगत होगा, क्योंकि धर्मशास्त्र व अन्य धर्म ग्रंथों के अनुसार बात करें तो सूर्य की संक्रांति यदि दोपहर में या उसके बाद में होती है तो उसका पर्व काल अगले दिन मनाया जाता है। इस दृष्टि से संक्रांति का पर्व काल व पुण्य काल 15 जनवरी को मनाया जाएगा इस दिन चावल मूंग की दाल सुहाग की वस्तुएं आदि दान की जा सकती है वहीं गर्म ऊनी वस्त्र के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुओं का दान भी किया जा सकता है। 15 जनवरी को प्रात: काल से लेकर के दिवस पर्यंत दान पुण्य की प्रक्रिया की जा सकती है।

अमृत सिद्धि योग में आएगी मकर संक्रांति

14 जनवरी को बुधवार के दिन अनुराधा नक्षत्र होने से यह अमृत सिद्धि योग कहलाता है। शास्त्रीय अभिमत के अनुसार देखें तो अमृत सिद्धि जैसे श्रेष्ठ योग में किए गए दान की विशेष मान्यता बताई जाती है अर्थात इस योग में किया गया दान अक्षय माना जाता है। इस दृष्टि से इस योग में आने वाली संक्रांति पुण्य प्रद होते हुए धन तथा पुत्र को देने वाली मानी जाती है। साथ ही पुण्य की वृद्धि करवाने वाली एवं पितरों को प्रसन्न करने वाली बताई जाती है। इस दिन पितरों की निमित्त तीर्थ पर जलदान या पिंडदान अथवा पितरों के निमित्त सीधा दान वस्त्र दान- पात्र दान करने से वंश की वृद्धि होती है। इस दृष्टि से पितरों की सेवा करनी चाहिए।

जंगली जानवरों को विशेष संरक्षण की आवश्यकता

हर बार संक्रांति के अलग-अलग वाहनों की स्थिति रहती है। इस बार संक्रांति का वाहन बाघ रहेगा और उपवाहन अश्व रहेगा। इन दोनों के ही प्रभाव अलग-अलग प्रकार से वन्य जीव संरक्षण और वन्य जीव शैली पर दिखाई देंगे। जंगली जानवरों को विशेष संरक्षण और ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी अन्यथा जंगली जानवरों को अज्ञात पीड़ा सता सकती है।